भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **686** जिसका उत्तर
गुरूवार, **4 फरवरी**, 2021/15 माघ, 1942 (शक) को दिया जाना है

क्रूज और फेरी सेवाएं

†686. श्री सय्यद ईमत्याज जलील:

श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सागरमाला विकास निगम लिमिटेड ने हाल ही में कुछ मार्गों पर क्रूज और फेरी सेवाओं के लिए रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है;

(ख) यदि हां, तो सरकार को अब तक कितनी संख्या में ईओआई प्राप्त हुई हैं;

(ग) सरकार द्वारा ऐसी सेवाओं के लिए किन मार्गों को अंतिम रूप दिया गया है; और

(घ) देश और पड़ोसी देशों की जनता के लाभ के लिए ये सेवाएं कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री मनसुख मांडविया)

(क): जी, हां। सागरमाला विकास निगम लिमिटेड ने रो-रो/रो-पैक्स/फेरी सेवाओं के लिए अभी हाल ही में रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है।

(ख): घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मार्गों के संबंध में कुल 82 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

(ग) और (घ): प्रस्तावों की जांच करने के बाद मार्गों और समय-सीमाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

****